हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को भारी धक्का

656. **श्री महेश्वर सिंह :** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिमाचल प्रदेश में कुल्लु और मनाली के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पिछले वर्ष के दौरान हुई भारी वर्ष से कई महीने तक पूर्णतया क्षतिग्रस्त और अवरुद्ध रहने से पर्यटन को धक्का पहुंचा है,

(ख) क्या यह सच है कि उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग को अस्थाई मरम्मत कराने के बाद खोल दिया गया है जिसके परिणामस्वरूप इसे थोड़ी सी वर्ष होने पर भी बार-बार बंद कर दिया जाता है, और

(ग) यदि हां, तो सरकार पर्यटन के संवर्धन को ध्यान में रखते हुए आगामी पर्यटन समय से पहले ही उक्त राजमार्ग की पूर्ण मरम्मत कराने के लिए क्या-क्या कदम उठा रही हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) सितम्बर, 1995 में भारी वर्षा से राष्ट्रीय राजमार्ग-21 को क्षति पहुंची, जो 4 सितम्बर से 23 नवम्बर, 1995 तक बन्द रहा, जिससे कुल्लू मनाली में पर्यटन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा । 30 सितम्बर, 95 को यातायात बाएं तट के रास्ते से जोकि एक राज्यीय राजमार्ग है, फिर चालू कर दिया गया।

(2) राष्ट्रीय राजमार्ग-21 पर यातायात, क्षति को अस्थायी रूप से मरम्मत करने के पश्चात खोल दिया गया है, तथापि यह सच नहीं है कि यह मार्ग थोड़ी से वर्षा होने पर भी बार-बार बंद रहता है।

(ग) आगामी पर्यटन समय के दौरान पर्यटकों को किसी असुविधा से बचाने के लिए राज्य सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग-21 को बाढ़ से पूर्व की स्थिति मे चालू करने के लिए, युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है।

पल्स पोलियो अभियान

857. **श्री राजनाथ सिंह :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अभी हाल ही में प्रिन्ट और इलेक्ट्रानिक मीडिया द्वारा पल्स पोलियो अभियान का व्यापकर प्रचार करने के बावजूद फरीदाबाद में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना की एक मात्र डिस्पेन्सरी (संख्या 70) को इस अभियान में शामिल नहीं किया गया जिसके परिणामस्वरूप सैंकड़ों लोगों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा जबकि अभियान का नारा ही यही था "यदि एक भी बच्चा छूट गया, सुरक्षा चक्र टूट गया", और

(ख) फरीदाबाद स्थित एकमात्र डिस्पेंसरी को अभियान में शामिल न करने के लिए जिससे लोग सेवा से वंचित हो जाते हैं, जिम्मेवार अधिकारियों के विरूद्ध सरकार क्या कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री और जल संसाधन मंत्री (श्री ए0 आर0 अन्तुले) : (क) पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत औषधालयों का सामान्यतः संबंधित राज्य सरकारों द्वारा स्थानीय आवकश्यकताओं के अनुमान के आधार पर चयन किया गया था । फरीदाबाद में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना औषधालय संख्या-70 का हरियाणा सरकार द्वारा नहीं किया गया था क्योंकि अन्य औषधालयों की तुलना में यह औषधालय केन्द्रीय रूप में स्थित नहीं था।

(ख) उपर्युक्त (क) को ध्यान में रखते हुए यह प्रश्न नहीं उठता।

Setback in Malaria Control Programme

858. SHRI SANATAN BISI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Malaria Control Programme received setback due to various constraints of financial, administrative and technical nature; and

(b) if so, what steps have been taken to overcome the same?

THE MINISTER OF HEALTH ANDFAMILY WELFARE AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI A.R. ANTULAY): (a) and (b) Incidence of Malaria has been contained around two million cases annually since 1984.

Steps taken Io control Malaria in the Modified Plan of Operation include:

— enhancement of the budgetary allocation for the National Malaria Eradication programme (NMEPP) in the last three years;

— grant of 100% Central Assistance to the North-Eastern States since December, 1994;

— early detection and prompt treatment of malaria cases;

— vector control through effective use of insecticides to interrupt transmission;